<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**20** मार्च 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम यंत्र की स्थापना समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु। कहा– समावेशी समाज और विकसित राष्ट्र के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है देश।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी श्रीराम यंत्र स्थापना समारोह को किया सम्बोधित। कहा– ऋषि मुनियों की परंपरा और आमजन की मेहनत से एक भारत श्रेष्ठ भारत की सकंल्पना हो रही है साकार।
- चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन की जा रही है मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा अर्चना। मुख्यमंत्री ने की लोक कल्याण की कामना।
- पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश से बदला मौसम का मिजाज। प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में मौसम विभाग ने आज कहीं कहीं बारिश के साथ ओले पड़ने की भी चेतावनी दी।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे के पहले दिन कल अयोध्या पहुंचीं। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन उन्होंने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दूसरे तल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रीराम यंत्र की विधिवत स्थापना की।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि देश सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मोर्चे पर पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहा है और अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर इसका प्रतीक है।

**हम सभी एक समावेशी समाज और विकसति राष्ट्र के निर्माण की दिशा में आगे बढ रहे हैं। प्रभू श्रीराम के आशीर्वाद से बस 2047 या शायद उससे पहले ही आप उन लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेंगे। 21वीं सदी में हमारे समावेशी समाज और विकसित राष्ट्र की परिकल्पना रामराज्य के बंधन में प्राप्त होती है।**

कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और आध्यात्मिक गुरु माता अमृतानंदमयी सहित विभिन्न संत उपस्थित रहे। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते एक साल मे प्रदेश में 156 करोड़ श्रद्धालु विभिन्न मंदिरों में दर्शन करने पहुंचे हैं।

श्री योगी ने कहा कि ऋषि मुनियों की परंपरा और किसानों तथा उद्यमियों की मेहनत ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की सकंल्पना को साकार किया है।

**भारत, भारत इसलिए बना है क्योंकि भारत को हमारी ऋषि मुनियों की तपस्या ने हमारे अन्नदाता किसानों के परिश्रम ने हमारे कारीगरों की उद्यमिता ने और भारत की आस्था ने सदैव एक भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में बनाए रखा है और श्रीराम जन्मभूमि की यज्ञ की पूर्णाहुति के कार्यक्रम के साथ जुड़ कर के ना केवल उत्तर प्रदेश वासी बल्कि देश और दुनिया में जहां कहीं भी सनातन धर्मावलम्बन भी है, उन सबके मन में आनंद की अत्यंत अनुभूति हो रही होगी।**

हमारे संवाददाता ने बताया है कि राष्ट्रपति ने श्रीराम मंदिर निर्माण से जुड़े श्रमिकों को सम्मानित भी किया।

**राष्ट्रपति ने मंदिर निर्माण से जुडे श्रमिकों को भी सम्मानित किया। जिस श्रीराम यंत्र की पूजा की गई, उसे दो साल पहले अयोध्या लाया गया था और यह कांची कामकोटी पीठ द्वारा भेंट किया गया था। वैदिक गणित और ज्यामितीय आकृतियों पर आधारित, ये यंत्र एक पवित्र प्रतीक माना जाता है, जिसके बारे में माना जाता है कि यह दिव्य ऊर्जा और सकारात्मक आध्यात्मिक स्पंदनों को प्रवाहित करता है। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।**

अयोध्या के बाद राष्ट्रपति कल शाम वृंदावन पहुंचीं। वहां उन्होंने इस्कॉन मंदिर और प्रेम मंदिर में दर्शन पूजन किया। राष्ट्रपति आज प्रेमानंद महाराज के आश्रम और बाबा नीम करौरी के समाधि स्थल पर जायेंगी। साथ ही वह कुछ अन्य कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगी। दौरे के आखिरी दिन राष्ट्रपति कल गोवर्धन स्थित दानघाटी मंदिर में दर्शन पूजन के साथ गोवर्धन परिक्रमा करेंगी।

**********

प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर कौशाम्बी, जौनपुर और फतेहपुर सहित प्रदेश के अलग–अलग जिलों में विविध कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मऊ के प्रभारी मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने सूचना और जनसंपर्क विभाग की ओर से आयोजित विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि इन नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने भयमुक्त और सुरक्षित राज्य के तौर पर वैश्विक पहचान बनाई है। वहीं वाराणसी में, प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने नव निर्माण के नौ वर्ष विषय पर आयोजित आठ दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

**********

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू पीएनजी और परिवहन के लिए सीएनजी की शत–प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। पश्चिम एशिया घटनाक्रमों पर कल नई दिल्ली में अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि दो सप्ताह के भीतर लगभग एक लाख पचीस हजार घरेलू और वाणिज्यिक पीएनजी कनेक्शन जारी किए गए हैं।

**भारत सरकार ने हाईएस्ट प्रायरिटी डॉमेस्टिक एलपीजी और पीएनजी उपभोक्ताओं को दी है। इसके अलावा ऑल्टरनेट फ्यूल ऑप्शंस जैसे केरोसिन और कोल भी दिया है और सभी स्टेट गवर्नमेंट्स को जो भी पीएनजी नेटवर्क के एक्सपेंशन में सहयोग देंगे उन्हें 10 परसेंट एडिशनल कमर्शियल एलपीजी देने की बात कही है।**

**********

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन आज मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रदेश के प्रमुख शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में श्रद्धालु कतारबद्ध होकर माता के दर्शन पूजन कर रहे हैं। प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठ विंध्याचल धाम, जौनपुर के शीतला चौकिया धाम, नैमिषारण्य के मां ललिता देवी मंदिर और सहारनपुर के शाकम्भरी देवी मंदिर सहित कई अन्य देवी मंदिरों में माता की पूजा अर्चना की जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर मां ब्रह्मचारिणी से लोक कल्याण की कामना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ दुर्गा की उपासना के पावन पर्व चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन माँ ब्रह्मचारिणी की कृपा पूरी सृष्टि पर बनी रहे और माँ अपने सभी साधकों को साहस और संयम के आशीर्वाद से अभिसिंचित करें।

इस बीच, चैत्र नवरात्र के पहले दिन कल प्रदेश के शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। बलरामपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ में पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। एक रिपोर्ट–

**जनपद बलरामपुर में देवी पाटन शक्ति पीठ पर देश प्रदेश के अलावा पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। यहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने कहा कि यहां आकर मां के दर्शन करना उनके लिए सौभाग्य की बात है।**

**मैं आऊं नेपाल बरौनी से। माता जी के चरणों में उनका आशीर्वाद लेने के लिए आया हूं। मुझे यहां आने में बहुत अच्छा फील होता है। बहुत खुशी होती है मुझे यहां आने में। जब भी मौका मिलता तब भी हम लोग आते हैं।**

**सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पूरे मेला क्षेत्र को दो जोन और बारह सेक्टर में बांटा गया है साथ ही सशस्त्र सीमा बल डॉग स्क्वाड दस्ते के साथ लगातार निगरानी में लगी है। राम कुमार मिश्र,आकाशवाणी समाचार बलरामपुर।**

**********

केन्द्र सरकार की ओर से टोल अनुपालन और डिजिटल प्रर्वतन को सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम–दो हजार छब्बीस के संशोधन को लेकर पिछले दिनों अधिसूचना जारी की गयी। इसके जरिये राष्ट्रीय राजमार्गों पर उपभोक्ता शुल्क की कुशल और पारदर्शी वसूली सुनिश्चित हो सकेगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि यह संशोधन बकाया उपभोक्ता शुल्क के मामलों में एक संरचित रिकवरी तंत्र प्रदान करता है।

**********

कानपुर के घाटमपुर थाना क्षेत्र में शाखा जनवारा गांव के पास कल अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे बाइक सवार तीन युवकों को दूध से भरे टैंकर ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। यह दुर्घटना तब हुई जब तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर घाटमपुर के नौबस्ता निवासी एक बुजुर्ग महिला के अंतिम संस्कार में शामिल होने मूसानगर के यमुना घाट जा रहे थे और तेज रफ्तार टैंकर की चपेट में आ गये।

**********

मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज अनेक स्थानों पर, जबकि कल कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी कुछ स्थानों पर यही स्थिति रहेगी। विभाग ने आज प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में कुछ स्थानों पर बिजली गिरने और तेज झोंकेदार हवाएं चलने की भी आशंका व्यक्त की है। साथ ही कहीं कहीं ओले पड़ने की भी चेतावनी दी है। इस बीच, बागपत, बुलंदशहर, मथुरा और  हापुड़ सहित प्रदेश के कई पश्चिमी जिलों में कल हल्की बारिश दर्ज की गई।

**********